बिहार स्टेट टेक्स्टबुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि०

(बिहार सरकार का उपक्रम)

पाठ्य पुस्तक भवन, बुद्ध मार्ग , पटना–

फोन :– 2221975, 2223533, 2222783, 2214828, फैक्स: 0612–2236388 **E mail : textbookmd@gmail.com**

पत्रांक 486 दिनांक 18-04-2022

प्रेषक, मनोज कुमार, भा.प्र.से.
प्रबन्ध निदेषक।

सेवा में,
सभी EOI के अन्तर्गत इम्पैनल्ड मुद्रक,
(समग्र शिक्षा अभियान 2021–22)
पटना।

विषयः–समग्र शिक्षा अभियान 2021–22 के अन्तर्गत EOI के तहत इम्पैन्ड मुद्रकों को समग्र शिक्षा अभियान 2022–23 के अन्तर्गत वर्ग–1 से 8 तक की पुस्तकों को मुद्रित कर राज्य सभी जिलो, प्रखंडों एवं खुले बाजार में छात्र–छात्राओं को उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पूर्व वर्ष की भाँति निगम में समग्र शिक्षा अभियान 2021–22 के अन्तर्गत EOI के तहत इम्पैन्ड (जिन्हे कार्य आवंटित किया गया) को EOI एवं 2021–22 में निर्गत मुद्रणादेश में निहित शर्त्तो के अनुरूप उन सभी मुद्रकों को समग्र शिक्षा अभियान 2022–23 के अन्तर्गत वर्ग– 1 से 8 तक की पुस्तकों को मुद्रित कर राज्य के सभी जिले, प्रखंडो एवं खुले बाजार में छात्र–छात्राओं को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने हेतु आदेश दिया जाता है। EOI एवं निर्गत मुद्रणादेश के विपरीत यदि पुस्तकों की गुणवत्ता मे शिकायत प्राप्त होगी तो जाँचोपरान्त संबंधित मुद्रकों पर EOI में निहित शर्त्तो के अनुरूप कार्रवाई की जायेगी। आपके संस्थान/प्रेस से मुद्रित सभी पुस्तकों का बिक्री से पूर्व 10–10 प्रति निगम मुख्यालय में आपूर्ति करना अनिवार्य होगा। वर्त्तमान में पुस्तकों का बिक्रय स्थानीय बिक्रेताओ (गैर निबंधित) के माध्यम से किया जा रहा है जो यथावत रहेगी।

निगम द्वारा राज्य के सभी जिलो, प्रखंडों एवं खुले बाजार में पुस्तकों का क्रय करने हेतु पुस्तक बिक्रेताओं को ऑन लाईन के माध्यम से पंजीकृत कर सूचीबद्ध किया जा रहा है। सूचीबद्ध पुस्तक बिक्रेताओं के साथ अनुबन्ध होने के उपरान्त आपको सूची उपलब्ध करा दी जायेगी। निगम द्वारा सूचीबद्ध मुद्रकों के माध्यम से ही पुस्तकों की बिक्री करना अनिवार्य होगा ताकि पुस्तकों के मुद्रण, वितरण आदि की व्यवस्था सुदृढ़ हो सके तथा अनुश्रवण में भी आसानी हो।

अतः निदेश दिया जाता है कि सभी आवंटित पुस्तकों का मुद्रण कर शीघ्र खुले बाजार /CRC/विद्यालय स्तर पर पुस्तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

(मनोज कुमार) 18/4/22

प्रबन्ध निदेशक।